<u>**प्रेस विज्ञप्ति**</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला–ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

<u>डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर एक–दिवसीय शिविर का आयोजन</u>

विश्वविद्यालय के गृहविज्ञान महाविद्यालय के कम्यूनिटी सांइस के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र–छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन आज किया गया।

इस एक दिवसीय शिविर का आयोजन डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर किया गया। इस कार्यक्रम के अर्न्तगत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गृहविज्ञान महाविद्यालय से झा. कालोनी तक एक रैली निकाली गयी। कार्यक्रम में सर्वप्रथम ग्रामीण बच्चों को डा. भीमराव अम्बेडकर के जीवन से जुड़े विविध तथ्यों को क्विज के माध्यम से अवगत कराया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी, श्रीमती सोनू रानी ने डा. भीमराव अम्बेडकर द्वारा किये गये कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं छात्र–छात्राओं सहित कुल 85 लोग उपस्थित रहे।

ग्रामीणों को योगा के महत्व के बारे में बताते अधिकारी।

ग्रामीणों के साथ अधिकारी एवं विद्यार्थी

वृक्षारोपण करते ग्रामीण, विद्यार्थी एवं अधिकारीगण।